प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.05.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मेक–इन–इंडिया राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है और इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति और प्रतिक्रिया दोनों को पुनः डिज़ाइन और परिभाषित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब जब भी पाकिस्तान के साथ बातचीत होगी तो वह केवल आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही होगी। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने महसूस किया है कि आतंकवाद का व्यापार चलाना लागत–कुशल नहीं है क्योंकि उसे भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई का श्रेय स्वदेशी रक्षा प्रणालियों को दिया।

....

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत बीती रात कुल्लू ज़िले के शरची गांव में रात्री ठहराव किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने विकास को दर्शाती प्रदर्शनिया भी लगाई। मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई की और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी दरवाजे बंद कर दिए हैं और सार्वजनिक धन को लूटने से बचाया है। उन्होंने कहा कि इसी बचत से चरणबद्ध तरीके से महिलाओं को 15 सौ रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जब दिल्ली व हरियाणा राज्य 14 साल से लंबित बीबीएमबी का एरियर हिमाचल प्रदेश को देने का शपथ पत्र सुप्रीम कोर्ट दायर करेंगे तभी किशाऊ बांध पर आगे बातचीत होगी।

हरियाणा सरकार पानी चाहती है। इसमें कोई दो राय नहीं हम आपको पानी देंगे, आम हमारे भाई है लेकिन 14 साल से बी.बी.एम.बी.का जो एरियर है जिसमें हरियाणा भी अंड़गे अड़ा रहा है, पंजाब भी अंड़गे अड़ा रहा है। हमने कहा हरियाणा को 50 प्रतिशत पानी किशाऊ बांध से पानी मिला है। आप पहले हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में जो सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल को हक दिया है कि जो एरियर का पैसा उसको मिलना चाहिए, आप उसका एफेडेविट सुप्रीम कोर्ट में जमा करवाईए तब हम किशाऊ बांध पर आगे बढ़ेंगे।

....

एमएसपी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2025–26 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देशभर के किसानों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और इसी दिशा में 2025–26 के खरीफ सीजन के लिए धान, तिलहन व दलहन सहित 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इससे अन्नदाताओं की कमाई बढ़ने के साथ इन फसलों का उत्पादन भी बढ़ेगा।

....

<u>प्रतिनिधिमंडल</u>

भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में भारत का एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब के दौरे पर है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से सऊदी अरब को अवगत कराने और आतंकवाद का मुकाबला करने में निरंतर सहयोग के लिए विदेश मामलों के राज्यमंत्री अदेलअल–जुबेर से मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवादी कृत्यों को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त ना करने की भारतीय नीति का स्पष्ट उल्लेख किया। प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब द्वारा पहलगाम हमले की निंदा करने के लिए आभार व्यक्त किया और आतंकवाद से निपटने में समन्वित वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता को उजागर किया।

....

<u>महाराणा प्रताप</u>

आज महाराणा प्रताप की जयंती है। वर्ष 1576 में हुए हल्दी घाटी के युद्ध के दौरान दिखाई गई वीरता के लिए महाराणा प्रताप को विशेष रूप से याद किया जाता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया और कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने देश और समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में कार्य किया।

....